**छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर**
**व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)**
**Phone No.- 0771-2972780, E-mail- cgvyapam@gmail.com**
**Website- cgvyapam.choice.gov.in**

# ऑनलाइन आवेदन करने की विधि

Application Form में क्लिक करते ही "ON LINE APPLICATION FOR **अनुरेखक (ट्रेसर) (CTC19)** संयुक्त भर्ती परीक्षा–2019 से एक पेज खुलेगा'' जिसमें दी गई जानकारी अनुसार कार्य करें ।

क्या आप छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी हैं ? 0 हॉ 0 नहीं
('हॉ' सेलेक्ट करने पर ही आवेदन फार्म खुलेगा)
क्या आप विज्ञापित पद के लिये अपेक्षित शैक्षणिक अर्हताएं रखते हैं ? 0 हॉ 0 नहीं
('हॉ' सेलेक्ट करने पर ही आवेदन फार्म खुलेगा)

इसके पश्चात् अभ्यर्थी के संबंध में बिन्दुवार मांगी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक भरें, जो निम्नानुसार है (एक बार आवेदन पत्र जमा करने के बाद किसी भी प्रकार की कोई भी त्रुटि सुधार का आवेदन किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगा) :–

1. बिन्दु क्रमांक 1 में Candidate`s Name- अभ्यर्थी अपना नाम अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में दसवीं / बारहवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार लिखें ।
2. बिन्दु क्रमांक 2 – Father/Mother/Husband –(पिता, माता, पति) में किसी एक को सेलेक्ट करें ।

   Name of Above –(पिता / माता / पति का नाम) में से संबंधित के नाम को उसके सामने में स्थित बॉक्स में केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री / श्रीमती / स्व. आदि न लिखें।
3. बिन्दु क्रमांक 3 Date of Birth- जन्मतिथि को (दसवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार) दिनांक, माह एवं वर्ष में ड्राप डाउन बॉक्स से सेलेक्ट करें । (जैसा कि 27 दिसंबर 1987 को दिनांक के बॉक्स में 27, माह के बॉक्स में दिसंबर एवं वर्ष के बॉक्स मे 1987 सेलेक्ट करें)
4. बिन्दु क्रमांक 4 – Gender में (लिंग) पुरूष, महिला या तृतीय लिंग जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
5. बिन्दु क्रमांक 5– Category (Caste) (श्रेणी) में जनरल / एस.सी. / एस.टी. / ओ.बी.सी. जिससे आप सम्बंधित है, सेलेक्ट करें।
6. बिन्दु क्रमांक 6 – Are you Ex-Servicemen (भूतपूर्व सैनिक) में यदि आप भूतपूर्व सैनिक से सम्बंध रखते हैं तो Yes सेलेक्ट करें।
7. बिन्दु क्रमांक 7 – Person with Disability (PWD) में (दिव्यांग वर्ग) क्या आप दिव्यांग वर्ग से संबंधित है ? Yes या No सेलेक्ट करें।
8. बिन्दु क्रमांक 8 –Height (cms) ऊँचाई – अपनी ऊँचाई सेंटीमीटर में लिखें ।
9. बिन्दु क्रमांक 9 –Weight (kgs) वजन– अपना वजन किलोग्राम में लिखें ।
10. बिन्दु क्रमांक 10–(फोटो, सिग्नेचर, नाम, अंगूठे का निशान के सम्बंध में)–(Download Image Format) <u>डाउन लोड इमेज फार्मेट</u> **में क्लिक कर उस पेज का प्रिंट निकाले एवं उसमें फोटो के स्थान पर 3.5 से.मी. चौड़ाई x 4.5 से.मी. लंबाई का फोटो, चिपकाऐं। उसके नीचे में दर्शाये गये बॉक्स में अपना नाम लिखें उसके नीचे हस्ताक्षर करें । उसके नीचे के बॉक्स में बॉयें हाथ के अँगूठे का स्पष्ट निशान लगावें । फोटो, हस्ताक्षर, नाम तथा अँगूठा निशान इन चारों को एक ही पेपर पर निर्दिष्ट स्थान पर (मिले हुए फार्मेट मे) रखकर (jpeg फार्मेट में) स्कैन (SCAN) कराकर फाईल के रूप में जिसका अधिकतम साइज 50 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव करके रखें । (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें)। इस प्रकार सेव करके रखे हुए फाइल को यहॉ पर ब्राउस पर क्लिक करके अपलोड करें ।**

Upload **क्लिक करने पर अलग से विंडो खुलेगा जिसमें आपका फोटो, नीचे में नाम, हस्ताक्षर एवं उसके नीचे अँगूठे का निशान दिखाई देगा ।**

11. बिन्दु क्रमांक 11 –में Marital Status: (वैवाहिक स्थिति) – यदि आप विवाहित है तो हॉ Yes अन्यथा नहीं No को सेलेक्ट करें ।

12. बिन्दु क्रमांक 12– (One Identification Marks) पहचान चिन्ह – अभ्यर्थी अपने शरीर के दृष्टिगोचर भाग पर एक पहचान चिन्ह (तिल, मसा आदि) यहां पर अंकित करें।

13. बिन्दु क्रमांक 13– (Contact Information) पत्राचार हेतु पूरा पता – अभ्यर्थी अपना डाक का पता को House No. में मकान नंबर (यदि हो तो) Street Name में सड़क/मोहल्ला का नाम, City/Village में शहर/गॉव का नाम, Post Office में अपने डाकघर अंकित करें। District में निवास जिले का नाम सेलेक्ट करें । State में यदि आप छत्तीसगढ़ राज्य में निवास करते हैं तो छत्तीसगढ़ को सेलेक्ट करें अन्यथा Other को सेलेक्ट कर उस राज्य का नाम और जिले का नाम अंकित करें । पिन में अपने डाकघर का पिन कोड अंकित करें। यह जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कृपया स्पष्ट एवं सुसंगत जानकारी देवें, जिससे संबंधित कार्यालय से भेजा गया पत्र आपको प्राप्त हो सके।

**14.** बिन्दु क्रमांक 14 –(Mobile No.) में अपना 10 डिजिट का मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य है। मोबाइल नंबर के पहले शून्य (0) न लिखें ।

**15.** बिन्दु क्रमांक 15– में (Email)- प्रत्येक आवेदक का ईमेल आई.डी होना अनिवार्य है । यदि नहीं है तो अपना ईमेल आई.डी. अवश्य बना लें तथा इस वैध ईमेल आई डी को इस खंड में अंकित करें । **पोस्ट ऑफिस के माध्यम से एडमिट कार्ड या कोई भी जानकारी नहीं भेजी जावेगी ।**

**नोट –परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु अभ्यर्थी को निकटस्थ जिले में परीक्षा केन्द्र आबंटित किया जा सकता है।**

**16.** बिन्दु क्रमांक 16– Exam City परीक्षा शहर – दुर्ग, रायपुर में से किसी एक को सेलेक्ट करें–

17. बिन्दु क्रमांक 17– (Declaration) घोषणा – इसमें यह दिया गया है कि –
'' मैं यह घोषणा करता/करती हूॅ कि, मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाकपता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूॅ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।'' को पढ़ लेवें।

18. बिन्दु क्रमांक 18– में उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 17 में दी गई Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए I Agree पर क्लिक करें ।

19. बिन्दु क्रमांक 19 – Please enter the code shown below -
उपरोक्त सभी खण्डों को भरने (बिना खाली छोड़े) के पश्चात सिक्यूरिटी कोड को उसके ऊपर वाले बॉक्स में उसी प्रकार एंटर करें (अर्थात केपिटल लेटर्स को केपिटल लेटर्स में, स्माल लेटर्स को स्माल लेटर्स में तथा अंको को अंको में लिखें) । **इसके पश्चात Submit में क्लिक करने पर Please Confirm नाम का एक विन्डों खुलेगा जिसमें लिखा होगा ''कृपया ध्यान दें कि, एक बार उपलब्ध करायी गई जानकारी बाद में संशोधित नहीं की जा सकती है । क्या आप आगे बढ़ना** (Continue) **चाहते हैं या संशोधन** (Edit) **करना चाहते है ?**

**यदि आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों से आप सहमत हैं तो** Continue **(आगे बढ़े) को क्लिक करें । यदि असहमत है और किसी प्रविष्टि को बदलना चाहते है तो** Edit **(संशोधन) को क्लिक करें,** Edit **(संशोधन) को क्लिक करने पर फिर से पूर्व आवेदन पत्र में चले जायेंगे जहां जो संशोधन या सुधार करना चाहते हैं, आप कर लेवें। ध्यान रहें कि एक बार आवेदन पत्र भरकर शुल्क जमा करने के बाद आवेदन पत्र में किसी भी स्तर पर किसी**

**भी प्रकार का संशोधन/सुधार संभव नहीं है तथा सुधार संबंधी कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

Continue **(आगे बढ़े) को क्लिक** करने पर एक नया विन्डो खुलेगा, जिसमें Application Verification लिखा होगा । इसमें लिखे गये निर्देशों को सावधानी से पढ़े एवं नीचे दर्शाये गये **'भुगतान अनुभाग में जाने से पहले नीचे अपनी प्रविष्टियों की पुष्टि करें'** के अनुसार आपके द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई सभी प्रविष्टियों से संतुष्ट होने के पश्चात Pay पर क्लिक करें। यदि अपने द्वारा दी गई जानकारी में त्रुटि पाते हैं एवं उससे संतुष्ट नहीं होते हैं तो नये सिरे से आवेदन पत्र को भरना होगा, जिसके लिए ऊपर में **''फिर से फार्म भरने के लिए यहाँ क्लिक करें ''** का उपयोग कर सकते हैं।

Pay पर क्लिक करने पर एक नया विन्डो खुलेगा जिसमें Registration Initiated लिखा होगा एवं इसमें आपका Registration ID एवं आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि लिखा होगा । कृपया अपने भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ट्रॉन्जेक्शन स्थिति की जॉच करें । परीक्षा शुल्क पेमेंट के लिए 03 पेमेंट गेटवे उपलब्ध है । पेमेंट गेटवे –I, पेमेंट गेटवे –II, पेमेंट गेटवे –III, यदि किसी भी एक में क्लिक करते हैं तो पेमेंट के लिए ऑनलाइन विधा उपलब्ध होगा । यदि ऑनलाइन सेलेक्ट करते हैं तो इस विधा से किसी भी बैंक का डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिग की सुविधा में से किसी एक को आप चुन सकते हैं। परीक्षा शुल्क के साथ आवश्यक बैंक ट्रॉन्जेक्शन चार्जेस देय होगा। नेट बैंकिग की सुविधा भी उपलब्ध हैं ।

.............................................